न्यायालय उपखण्ड अधिकारी रामसर, जिला—बाड़मेर

पीठासीन अधिकारी :— श्री राम लाल मीणा आर.ए.एस.

राजस्व आवेदन संख्या —128/2025

प्रार्थी	बनाम	विप्रार्थीगण
1. सरपंच ग्राम पंचायत चाडवा तख्ताबाद एंव समस्त ग्राम वासी जुम्मा फकीर की बस्ती तहसील रामसर जिला बाडमेर।		1. तहसीलदार रामसर।

राजस्व आवेदन अन्तर्गत धारा 131, 136 राज0भू0राज0अधिनियम वास्ते तरमीम दुरस्ती करवाने बाबत्।

उपस्थित ;—

1. प्रार्थीगण स्वय

—:: आदेश ::—

दिनांक :— 18:02:2026

संक्षेप में आवेदन पत्र के तथ्य इस प्रकार हैं कि सरपंच ग्राम पंचायत चाडवा तख्ताबाद एंव समस्त ग्राम वासी जुम्मा फकीर की बस्ती तहसील रामसर जिला बाडमेर द्वारा एक प्रार्थना पत्र दिनांक 16.04.2025 को इस न्यायालय में पेश कर निवेदन किया हैं कि श्रीमान जिला कलक्टर महोदय बाडमेर के पत्रांक प.12 (3)(75)/2020/2551 दिनांक 20.03.2020 द्वारा ग्राम जुम्मा फकीर की बस्ती के खसरा नंबर 25 रकबा 14.14 बीघा किस्म भूमि गैरमुमकिन गौचर में से 05 बीघा भूमि किस्म परिवर्तन कर आंवटन की गई भूमि प्रस्तावित की गई थी जिसकी तरमीम सही नही होनें के कारण तरमीम दुरस्ती के लिये इस न्यायालय को एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131,136 राजस्थान भूराजस्व अधिनियम 1956 के तहत राजस्व रेकर्ड में तरमीम दुरस्त के लिये प्रस्तुत किया गया। जिसे दिनांक 16.04.2025 को दर्ज रजिस्टर कर इस न्यायालय के पत्रांक कोर्ट/2025 /556 दिनांक 17.04.2025 के द्वारा राजस्व आवेदन संख्या 128/2025 अन्तर्गत धारा 131,136 बउनवान सरपंच ग्राम पंचायत चाडवा तख्ताबाद एंव ग्रामीण जुम्मा फकीर की बस्ती बनाम तहसीलदार रामसर में मौका रिर्पोट के लिये लिखा गया तहसीलदार रामसर के पत्रांक क्रमांक /कोर्ट/मौका रिर्पोट/2026/20 दिनांक 05.01.2026 का दिनांक 09.01.2026 को इस न्यायालय को प्राप्त हुआ ।

विप्रार्थीगण तहसीलदार रामसर की मौका जांच रिपोर्ट व सीबीईओ रामसर की रिर्पोट के अनुसार ग्राम मौजा जुम्मा फकीर की बस्ती पटवार मण्डल चाडवा तख्ताबाद के खसरा संख्या 232/25 रकबा 0.8094 हेक्टेयर, भूमि किस्म गैर मुमकिन स्कूल जो रा.उ.प्रा.वि. जुम्मा फकीर की बस्ती विद्यालय को आंवटित है जिसमें श्रीमान जिला कलक्टर महोदय बाडमेर द्वारा आंवटित की गई है। आवंटन पश्चात नामान्तरण में आंवटन अनुसार तरमीम अंकित की गई लेकिन विद्यालय को आंवटित भूमि में पहले से रहवासीय घर पक्के मकान बने हुये है। एंव विद्यालय उसी मूल खसरे में अन्य स्थान सलंग्न नक्शा परिशिष्ट "ब "अनुसार निर्मित है।

अतः तहसीलदार रामसर व अन्य विप्रार्थीगण सीबीईओ रामसर से प्राप्त रिर्पोट तथा आवेदन पत्र में वर्णित तथ्यों के संबंध में तहसीलदार रामसर से मौका रिपोर्ट पत्रावली में सलंग्न दस्तावेजों पर बहस सुनी गई। बहस, प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों, संलग्न दस्तावेजों एंव तहसीलदार रामसर द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट का गंभीरतापूर्वक अवलोकन किया गया बाद अवलोकन प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र में वर्णित तथ्यों की पुष्टि तहसीलदार रामसर द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट से होती हैं तहसीलदार रामसर द्वारा सलग्न परिशष्ट ब अनुसार नक्शे में शुद्वी किये जानें की अनुशंषा करनें पर लिहाजा प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र को तहसीलदार रामसर द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट अनुसार स्वीकार किये जाने में इस न्यायालय को कोई आपत्ति जाहिर नहीं होती हैं अतः प्रार्थी का आवेदन पत्र स्वीकार किया जाकर मौजा जुम्मा फकीर की बस्ती पटवार मण्डल चाडवा तख्ताबाद के खसरा संख्या 232/25 रकबा 0.8094 हेक्टयर, भूमि किस्म गैर मुमकिन स्कूल जो रा.उ.प्रा.वि. जुम्मा फकीर की बस्ती विद्यालय को आंवटित भूमि की तहसीलदार रामसर द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट एवं संलग्न नक्शा **परिशिष्ट "ब "** के अनुसर अनुसार तहसीलदार रामसर को राजस्व रेकर्ड में पूर्व की तरमीम को निरस्त करते हुये **परिशिष्ट "ब " के अनुसार तरमीम** दुरस्ती किये जाने का आदेश दिया जाता हैं। तहसीलदार रामसर द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट एवं संलग्न नक्शा **परिशिष्ट "ब "**इस आदेश का अभिन्न अंग रहेगा।

यह आदेश आज दिनांक 18.02.2026 को खुले न्यायालय में सुनाया गया एंव न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया।

(राम लाल मीणा)
उपखण्ड अधिकारी, रामसर
उपखण्ड अधिकारी, रामसर

Signature Not Verified

Digitally signed by Ram Lal Meena
Date: 2026.02.22 17:42:02 IST
Reason: SelfAttested

क्रमांक : कोर्ट/2026/ 0689 दिनांक 18/2/2026

प्रतिलिपि :—

1.तहसीलदार रामसर।
2.प्रार्थीगण सरपंच ग्रा.पं. चाडवा तख्ताबाद व अन्य।
3.विप्रार्थीगण श्री तहसीलदार रामसर/सीबीईओ रामसर।
4. पीईईओ चाडवा तख्ताबाद/संस्था प्रधान रा.उ.प्रा.वि जुम्मा फकीर की बस्ती।

उपखण्ड अधिकारी, रामसर
उपखण्ड अधिकारी, रामसर

Scanned with OKEN Scanner

...त नक्शा

...ा - जुमा फकीर की बस्ती

तहसील - रामसर

परिशिष्ट "अ" वर्तमान कायम तरमीम



परिशिष्ट "ब" मौके अनुसार प्रस्तावित तरमीम



उपखण्ड अधिकारी रामसर, जिला-बाड़मेर

सरपंच
ग्राम पंचायत चाड़वा तख्ताबाद
पं. स. रामसर (बाड़मेर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Ram Lal Meena
Date: 2026.02.22 17:42:02 IST
Reason: SelfAttested

C.S.
तहसीलदार, रामसर

04/05/25
पटवारी (भू.अ.)
मण्डल चाड़वा तख्ता
तहसील - रामसर

C.S.
18/1/2026
उपखण्ड अधिकारी, रामसर

Scanned with OKEN Scanner